Title: Need to treat arrears of wages due to farmers of a closed Saraiyya Sugar mill in Basngaon, Uttar Pradesh as grants towards natural calamities and pay it early.

श्री राजनारायण पासी (बांसगांव): उपाध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में एक सरैया नाम से निजी शुगर मिल पिछले साल से बंद है। उस पर किसानों का २३ करोड़ रुपया बकाया है। जिन किसानों का पैसा उस पर बकाया है, उनसे सरकारी ऋण की वसूली की जा रही है। जिस तरह से प्राकृतिक आपदा के समय अनुदान दिया जाता है उसी तरह से बस्ती और गोरखपुर मंडल में जो ८० करोड़ रुपया बकाया है, उसको प्राकृतिक आपदा घोषित कर अनुदान के रूप में पैसा दिया जाए, क्योंकि उन लोगों को परेशानी हो रही है और उनके लड़के तथा लड़कियों की शादियां नहीं हो पा रही है।